पत्रांक–......46......./

बिहार सरकार
मानव संसाधन विकास विभाग।

प्रेषक,

डा० मदन मोहन झा,
आयुक्त एवं सचिव।

सेवा में,

जिला पदाधिकारी,
सीतामढ़ी, शिवहर, दरभंगा, भोजपुर, गया,
प0 चम्पारण, कैमूर, रोहतास, मुजफ्फरपुर।

पटना, दिनांक.....11.1.07...../

विषय :– मध्याह्न भोजन योजना के तहत पका–पकाया भोजन उपलब्ध कराने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक सरकार के निर्णय के आलोक में बिहार महिला समाख्या सोसाइटी ने आपके जिले के चिन्हित प्रखण्डों में छात्रों को पका–पकाया भोजन उपलब्ध कराने का प्रस्ताव विभाग को समर्पित किया है जो निम्नवत है :–

| क्रमांक | जिला का नाम | प्रखण्ड |
|---|---|---|
| 1 | सीतामढ़ी | सोनबरसा, रीगा |
| 2 | शिवहर | शिवहर |
| 3 | दरभंगा | दरभंगा सदर ब्लॉक |
| 4 | भोजपुर | उदवन्त नगर |
| 5 | गया | डोभी, आमस, बांके बाजार |
| 6 | प0 चम्पारण | चनपटिया |
| 7 | कैमूर | कुदरा |
| 8 | रोहतास | सासाराम, शिवसागर, चेनारी |
| 9 | मुजफफपुर | बोचहाँ, मुशहरी |

आपके जिले हेतु उपरोक्त चिन्हित प्रखण्डों में वर्ग I से V तक के बच्चों को मध्याहन भोजन योजना के तहत पका–पकाया भोजन उपलब्ध कराने हेतु बिहार समाख्या सोसाइटी द्वारा आपके समक्ष प्रस्ताव प्रस्तुत किया जायेगा।

अनुरोध है कि संबंधित प्रखण्डों में महिला समाख्या को कार्यक्रम संचालित करने की अनुमति प्रदान करने की कृपा करेंगे।

विश्वासभाजन

(डा० मदन मोहन झा)
आयुक्त एवं सचिव।

ज्ञापांकः–......46......./ पटना, दिनांक......11.1.07......

प्रतिलिपि :– बिहार महिला समाख्या सोसाइटी को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि वे योजना संचालन से संबंधित प्रस्ताव जिला पदाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करेंगे।

आयुक्त एवं सचिव।

ज्ञापांकः–......46......./ पटना, दिनांक..........................

प्रतिलिपि :– संबंधित प्रमंडलीय आयुक्त/संबंधित उप विकास आयुक्त को सूचनार्थ प्रेषित।

आयुक्त एवं सचिव।

ज्ञापांकः–......46......./ पटना, दिनांक......11.1.07......

प्रतिलिपि :– संबंधित जिला शिक्षा अधीक्षक को इस निदेश के साथ प्रेषित कि वे अविलम्ब इस दिशा में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे।

आयुक्त एवं सचिव।